भगवान की पालकी संग निकाली दिंडी यात्रा

मराठी समाज ने आषाढ़ी एकादशी पर किया पूजन

नवभारत न्यूज

भोपाल, 25 जुलाई. राजधानी में समग्र मराठी समाज के तत्वावधान में आषाढ़ी एकादशी पर शनिवार शाम को गणेश मंदिर 1100 क्वार्टर से भगवान की पालकी संग दिंडी शोभायात्रा निकाली गई.

शाम छह बजे 1100 क्वार्टर स्थित श्री गणपति मंदिर से यात्रा शुरू हुई, जो लोकमान्य तिलक चौराहा, बघीरा अपार्टमेंट्स, विठ्ठल मार्केट, अपेक्स बैंक कवाटर्स, हबीबगंज थाना चौराहा, सद्गुरु नागरिक बैंक, रविशंकर चौराहा, मेट्रो प्लाजा, भोजपुर क्लब होकर दत्त मंदिर अरेरा कालोनी पहुंची. यहां पर पूजन, आरती के साथ दिंडी यात्रा का समापन हुआ. इस दौरान श्रद्धालु श्री हरि विठ्ठल के जयकारे लगाते रहे. हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवान विठ्ठल की पालकी शोभायात्रा में मंजीरे व मृदंग के साथ ही ढपली ढोल-ताशे, भजन-कीर्तन गाते हुए श्रद्धालु दिंडी यात्रा में चले. पुरुषों ने सफेद वस्त्र टोपी और महिलाओं ने केसरिया, पीले वस्त्र धारण किए थे. ध्वज मंजीरे, ढोल व संगीत वाहन से विठ्ठल के भजनों से यात्रा मार्ग का माहौल धार्मिक हो गया. ध्वज धारकों के पीछे पालकी थी. इसमें संत ज्ञानेश्वर महाराज के फोटो को सजाया गया था. पालकी के आसपास चलित विद्युत सज्जा की गई थी. शोभायात्रा में बग्गी में छोटे बच्चों को विठ्ठल, रुक्मिणी, तुकाराम, संत ज्ञानेश्वर, कृष्ण, अहिल्याबाई, भारत माता की वेशभूषा में बैठे हुए थे, जो आकर्षण का केंद्र रहा.

लेखक संघ की प्रादेशिक लोक भाषा गद्य-पद्य गोष्ठी आज

भोपाल. मध्यप्रदेश लेखक संघ की प्रादेशिक लोक भाषा गद्य/पद्य गोष्ठी 26 जुलाई, रविवार को दोपहर 2 बजे से दुष्यंत संग्रहालय शिवाजी नगर में होगी. गोष्ठी में भोपाल के वरिष्ठ कवि डॉ. किशन तिवारी मुख्य अतिथि, मुरैना के कैलाश गुप्ता 'सुमन' सारस्वत अतिथि एवं मप्र लेखक संघ के संरक्षक डॉ. राम वल्लभ आचार्य विशिष्ट अतिथि होंगे. प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी अध्यक्षता करेंगे. गोष्ठी में विनोद मिश्र 'सुरमणि' दतिया, महेंद्र भट्ट ग्वालियर, सुनील त्रिपाठी निराला भिण्ड, आशा पाण्डेय ग्वालियर, राजेश तिवारी भोपाल, विक्रम विवेक तराना, संगीता तलेरा उज्जैन, मांगीलाल कुलश्रेष्ठ, नलखेड़ा, सत्यदेव सोनी, भोपाल, निर्मल शर्मा, धामनोद, छोगालाल कुमरावत 'सुजस', खरगोन रचनापाठ करेंगे. कार्यक्रम का संचालन मनीष बादल एवं डॉ. प्रार्थना पंडित द्वारा किया जायेगा.

व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार कार्य करें

▸ श्री विद्योदय तीर्थ एमपी नगर में आचार्यश्री के प्रवचन

निज संवाददाता

भोपाल, 25 जुलाई. एमपी नगर स्थित श्री विद्योदय तीर्थ में शनिवार को आचार्यश्री समयसागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आत्मनिर्भरता, अध्ययन और पुरुषार्थ को जीवन का आधार बताया.

उन्होंने कहा कि धर्म को वही व्यक्ति समझ सकता है जिसके भीतर जिज्ञासा और श्रद्धा हो, इसलिए किसी पर उपदेश थोपना संभव नहीं है. प्रवचन में आचार्य ने मन की चंचलता का जिक्र करते हुए नियमित स्वाध्याय को जरूरी बताया. उनके अनुसार शास्त्रों का बार-बार अध्ययन करने से मन स्थिर रहता है और व्यक्ति सही रास्ते पर बना रहता है. उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार ही काम करना चाहिए और जरूरत से ज्यादा बोझ उठाने से बचना चाहिए.

42 शिष्याओं ने दीं भरतनाट्यम की 11 मनमोहक प्रस्तुतियां

सिटी रिपोर्टर

भोपाल, 25 जुलाई. नृत्यांजलि भरतनाट्यम नृत्य अकादमी का चौथा वार्षिक उत्सव अनुभूति शनिवार को रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में आयोजित किया गया. निर्देशन रूपल चौरे गीते ने किया. उत्सव में 4.5 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक की 42 शिष्याओं ने भरतनाट्यम की 11 आकर्षक प्रस्तुतियां दीं.

मुख्य अतिथि शिखर सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ चित्रकार एवं मूर्तिकार देवीलाल पाटीदार रहे. शिष्याओं ने पुष्पांजलि, अलारिपु, हनुमान भजन, तमिल गीत अझगे अझगे, मधुराष्टकम, भाग्यदा लक्ष्मी बारम्मा, श्री रामचंद्र कृपालु भजुमन की प्रस्तुतियां दीं.

एक नजर में

गुरुपूर्णिमा पर दादाजी धाम मंदिर में होगा गुरु पूजन

भोपाल, 25 जुलाई. दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर, भोपाल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव बुधवार, 29 जुलाई को मनाई जाएगी. इस अवसर पर मंदिर में विराजमान देवी देवताओं, संतों एवं परमहंसों का विधि-विधान से पूजन, दादाजी गुरुदेव का विशेष अभिषेक, गुरु पूजन, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ दोपहर 2:00 बजे से किया जाएगा, महोत्सव का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे तक भगवान श्री गणेश, विघ्नहर्ता के पूजन से होगा. इसके पश्चात मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं एवं संत परमहंसों का पूजन संपन्न होगा.

36 दिव्यांग बच्चों का केक काटकर मनाया जन्मदिन

भोपाल (नवभारत न्यूज). नवजीवन सेवा समिति एवं माता महालक्ष्मी अन्नक्षेत्र द्वारा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्च माध्यमिक विद्यालय, स्पर्श भवन में अध्ययनरत जुलाई माह में जन्मे 36 दिव्यांग बच्चों जन्मोत्सव मनाया गया. इस अवसर पर केक काटा गया और बच्चों को विशेष उपहार भेंट किए गए. बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया. विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल ने कहा, 'बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है' समिति के प्रवक्ता भगवानदास ढालिया ने बताया कि ऐसे आयोजन दिव्यांग बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ समाज में सेवा, संवेदना और सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं. कार्यक्रम में स्पर्श भवन के अधीक्षक इरफान, तरंग अग्रवाल, विनीता दिवाकर, नेहा गुप्ता, दीपक मेहरा, प्रदीप विश्वकर्मा, मनोज चौकसे सहित विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे.

नगर में आज

शलाका चित्र प्रदर्शनी

समय- 12 बजे से, **स्थान-** जनजातीय संग्रहालय

कला प्रदर्शनी चित्रांकन

समय- शाम 7:00 बजे, **स्थान-** रंगायन आर्ट गैलरी, बावड़ियां कला

देवशयनी एकादशी पर शिव लहरी काली मंदिर में किया हवन-पूजन

संत नगर, 25 जुलाई. देवशयनी एकादशी के अवसर पर संत नगर स्थित शिव लहरी काली मंदिर में शनिवार को भव्य महाआरती, हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान विष्णु एवं मां काली की आराधना की तथा देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की.

कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी पंडित संतोष शर्मा ने हवन-पूजन एवं महाआरती संपन्न कराई. इस

अवसर पर हीरो फैन्स क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू विशेष रूप से उपस्थित रहे. उनके साथ क्लब के नानक ददलानी, प्रभुदास मुलचंदानी, मधु घनश्यामी, प्रकाश मीणा, राजकुमार एवं रवि लालवानी सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे.

रवि प्रदोष पर फलों के रस से होगा बटेश्वर का रुद्राभिषेक

भोपाल, 25 जुलाई. श्री बड़वाले महादेव मंदिर समिति द्वारा रवि प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का पांच प्रकार के फलों के रस से रुद्राभिषेक किया जाएगा. मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि विभिन्न कष्टों की मुक्ति के लिए लिए प्रदोष काल में गन्ना, आम, अनानास, अनार, एवं मौसंबी के रस से बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर जल्द ही सभी की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की जाएगी. सायंकाल बाबा बटेश्वर का विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी.

ढाका में भोपाल के दीपक ने जीता रजत पदक

दक्षिण एशिआई कराटे चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

खेल प्रतिनिधि

भोपाल, 25 जुलाई. बांग्लादेश के ढाका में 16 से 19 जुलाई तक आयोजित दक्षिण एशियाई कराटे चैंपियनशिप में भोपाल के दो खिलाड़ियों ने भारत के लिए पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया.

दीपक रोथन ने पुरुषों के -67 किलोग्राम व्यक्तिगत कुमिते और टीम स्पर्धा में दो रजत पदक अपने नाम किए, करीब छह देशों की मौजूदगी वाली इस प्रतियोगिता में मुकाबले काफी चुनौतीपूर्ण रहे. नवभारत से बातचीत में दीपक ने बताया कि शुरुआती मुकाबला उन्होंने मेजबान बांग्लादेश के

खिलाड़ी के खिलाफ जीता, लेकिन दूसरे मुकाबले में नेपाल के खिलाड़ी से 8-10 के अंतर से हार गए. इसके चलते उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें रजत पदक मिला और भारतीय टीम ने भी टीम इवेंट में दूसरा स्थान हासिल किया. भोपाल के रहने वाले दीपक पिछले दस वर्षों से कराटे की लगातार ट्रेनिंग कर रहे हैं.

अगला लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना

उन्होंने बताया कि इस साल जनवरी में राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीतने के बाद उन्होंने दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी शुरू की. वे अपने कोच विजय शाह के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं. उनका अगला लक्ष्य क्यू नेशनल और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना है.

सिंधी मेला समिति आज करेगी प्रतिभागियों का सम्मान

संत नगर. सिंधी मेला समिति द्वारा हाल ही में आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिलाओं के लिए 26 जुलाई को शाम 4 बजे पॉलीटेक्निक चौराहा स्थित मानस भवन में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा. समारोह में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी, जबकि चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. प्रिया भावे चितावर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी. कार्यक्रम में मध्यप्रदेश बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष निवेदिता शर्मा तथा फॉरेस्टलिलीज़ की संस्थापक प्रियंका गोगिया तोरानी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगी. विधायक भगवानदास सबनानी भी समारोह में शामिल होंगे.

नृत्य नाटिका से बताईं श्रीकृष्ण की लीलाएं

नव नृत्य नाट्य संस्था की कृष्णास्मिता का मंचन

नवभारत न्यूज

भोपाल, 25 जुलाई. रंगकर्म के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से सक्रिय नव नृत्य नाट्य संस्था, भोपाल द्वारा नृत्य नाट्य शैली पर आधारित प्रस्तुति 'कृष्णास्मिता' का मंचन रागबंध सभागार, रंगश्री लिटिल बैलेट ट्रूप परिसर में किया गया.

नृत्य नाटिका में भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं के माध्यम से प्रेम, धर्म, विश्वास और भक्तों की रक्षा का संदेश प्रस्तुत किया गया. कलाकारों ने माखन चोरी, गोवर्धन लीला और द्रौपदी चीर हरण जैसे प्रसंगों को नृत्य एवं अभिनय के माध्यम से जीवंत किया.

प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से जुड़ने का संदेश दिया.

'कृष्णास्मिता' की नृत्य संरचना एवं निर्देशन रागेश्री बेलसरे पराशर और स्नेहा खेर द्वारा किया गया. कलाकारों ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति से दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की. कार्यक्रम के अंत में संस्था ने सभी कला प्रेमियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया.

थिएटर ने दी नई राह, अंगद घेटे ने बनाई अलग पहचान

रोहित रजक

भोपाल, 25 जुलाई. राजधानी के युवा आर्टिस्ट अंगद घेटे ने थिएटर के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई है. नवभारत से बातचीत में उन्होंने बताया कि 2016 से वे लगातार रंगमंच से जुड़े हैं और हबीब तनवीर के नया थिएटर से प्रशिक्षण लेकर अपने अभिनय की नींव मजबूत की.

सामान्य परिवार से आने वाले अंगद ने कॉलेज के दिनों में मॉडलिंग के दौरान करियर शुरू किया, लेकिन क्राइम पेट्रोल के ऑडिशन में असफल होने के बाद उन्होंने थिएटर को ही अपना रास्ता चुना. अंगद ने बताया कि उनका पहला नाटक डायन वर्ष 2016-17 में भारत भवन में हुआ, जिसने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया. इसके बाद वे एक ऐसे थिएटर ग्रुप का हिस्सा बने, जो देशभर में लगातार यात्रा कर प्रदर्शन करता है. उन्होंने वेब सीरीज विजल ब्रोवर और सेल्फी के साथ ही रितेश देशमुख की फिल्म शिवाजी महाराज में भी सहायक भूमिकाएं निभाई हैं. थिएटर और फिल्मों के अंतर पर उन्होंने कहा कि मंच पर एक ही टेक में जोरदार आवाज के साथ अभिनय करना पड़ता है, जबकि फिल्मों में कई टेक की सुविधा होती है. उनके अनुसार, किसी भी किरदार को समझने के लिए लगातार अभ्यास, स्क्रिप्ट पढ़ना और लोगों को ध्यान से देखना जरूरी है. युवाओं को सलाह देते हुए अंगद ने कहा कि थिएटर के साथ पढ़ाई और मेहनत दोनों जरूरी हैं. फिलहाल वे एक शॉर्ट फिल्म पर काम कर रहे हैं.

साहित्य | जनवादी लेखक संघ की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

कविताओं के माध्यम से उठाए समाज और रिश्तों के मुद्दे

नवभारत न्यूज

भोपाल, 25 जुलाई. जनवादी लेखक संघ, भोपाल इकाई की मासिक कविता गोष्ठी का आयोजन शनिवार शाम निराला नगर में हुआ. कार्यक्रम में कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं के जरिए समाज, रिश्तों और बदलते दौर से जुड़े विषयों को सामने रखा. गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि राजेश जोशी ने की.

कार्यक्रम में नीलेश रघुवंशी ने 'मेरे घर के लोग', 'दुख की बरसात', 'वे और हम', 'युद्ध और रील' और 'देश हित में चुप रहना सीख लिया है' जैसी कविताओं का पाठ किया. बद्र वास्ती ने अपनी गजल और नज्मों से श्रोताओं का ध्यान खींचा. उनकी पंक्तियां 'उस बात का डर कभी इस बात का डर है, अब दिल से भुला दीजिए जिस बात का डर है' को खूब सराहा गया. सलीम सरमद ने भी गजल और नज्में सुनाईं, जबकि प्रतिभा ने कागज, पानी और दिन जैसे विषयों पर अपनी कविताएं पढ़ीं.

आयोजकों के अनुसार यह मासिक गोष्ठी श्रृंखला की पहली बैठक थी. इसमें साहित्यकार विजय बहादुर सिंह, रामप्रकाश त्रिपाठी, शशांक, नवल शुक्ल, माया मिश्रा और मनोज कुलकर्णी समेत बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी मौजूद रहे. संस्था का कहना है कि आगे भी हर महीने इसी तरह की साहित्यिक गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी.

कराओके संध्या में गूंजे किशोर कुमार के सदाबहार नगमे

▸ गुनगुनाएं और पौधे लगाएं के घोष के साथ आयोजन हुआ

नवभारत न्यूज

भोपाल, 25 जुलाई. शिवाजी नगर स्थित अध्ययन भवन में शनिवार शाम आयोजित कराओके म्यूजिकल नाइट में उभरते गायकों ने पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां दीं.

गंधर्व कल्चर एंड इवेंट्स ने अक्षदा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम को इस बार 'मानसून, मौसिकी और मोहब्बत' विषय पर केंद्रित किया, पूरी संध्या पार्श्वगायक

किशोर कुमार को समर्पित रही. रिमझिम गिरे सावन, ओ मेरे दिल के चैन, ये दिल न होता बेचारा, आने वाला पल जाने वाला है जैसे गीतों की प्रस्तुति दी. आयोजक दीपक चतुर्वेदी का कहना है कि 'गुनगुनाये और पौधे लगाएं' के घोष के साथ आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

छह दिन बाद अमरनाथ यात्रा पुन: प्रारंभ

भोपाल, 25 जुलाई. ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के कारण 19 जुलाई से दोनों मार्ग पहलगाम एवं बालटाल से अमरनाथ यात्रा रोक दी गई थी. इस कारण से भोपाल एवं आसपास के 400 यात्री पहलगाम, बालटाल, जम्मू, कटरा में रुके हुए थे और यात्रा खुलने का इंतजार कर रहे थे. 6 दिन के बाद श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा यात्रा को पुन: प्रारंभ कर दिया गया है.